कार्यवाही

रीठी पुलिस ने की कार्रवाई, चोरी के आरोप में तीन और चोरी की बाइक खरीदने पर एक आरोपी को पकड़ा

चोरी के दस वाहन बरामद, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मोटर साइकिल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। तीसरा आरोपी मनीष लोधी फरार था, जिसे भी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा है। इसी मामले में पुलिस ने चोरी के वाहनों को खरीदने वाले को भी आरोपी बनाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी के दस वाहन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि चोरी के आरोप में पहले पन्ना जिले के रैपुरा निवासी गणेश साहू और पुष्पराज सिंह को गिरफ्तार किया गया था, इसी मामले में रैपुरा निवासी मनीष लोधी फरार था, जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से वाहन

चोरियों के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रीठी, बिलहरी, बाकल और कटनी शहर के अलग-अलग स्थानों से मोटरसाईकिल वाहनो की चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों से चोरी की दस मोटर साइकिलों को बरामद गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मनीष लोधी शातिर वाहन चोर है जिसके खिलाफ पहले थाना रीठी में वाहन चोरी के तीन मामले, थाना रंगनाथनगर में एक मामला, थाना माधवनगर में दो मामले, कोतवाली और कुठला में एक-एक मामले दर्ज हैं। आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की गई। जिसमें जानकारी मिली कि पन्ना जिले के रैपुरा निवासी समीम खान चोरी का वाहन खरीदता था, जिस पर पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की गई है। पुलिस लगातार चोरी की वारदातों के आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। कार्रवाई में रीठी थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद, उपनिरीक्षण दिनेश चौहान, विनोद पटेल, सहायक उपनिरीक्षक जयचंद उईके, सुशील प्रजापति, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, राम पाठक, आरक्षक शमशेर सिंह, नितेश दुबे, आशुतोष, अमन, विजय, घनश्याम, ज्ञानेंद्र, शहंशाह, शुभम गौतम की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और डीएसपी हेडक्वार्टर के मार्गदर्शन में की गई है।

पहले कपलिंग और फिर ट्रेन के नीचे बैठ गया युवक

कटनी रेलवे स्टेशन में करीब डेढ़ घंटे तक रूकी रही ट्रेन

नवभारत, कटनी। कटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर सोमवार दोपहर एक युवक चलती ट्रेन के रुकते ही पटरियों के बीच बोगियों के नीचे जा घुसा। युवक की इस हरकत के कारण दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस को करीब डेढ़ घंटे तक स्टेशन पर ही रोकना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शी यात्रियों ने बताया कि ट्रेन अपने निर्धारित समय दोपहर 3 बजकर 40 मिनट पर प्लेटफार्म पर आकर रुकी थी। तभी लोगों की नजर जनरल कोच और बगल वाली बोगी के बीच कपलिंग पर बैठे एक व्यक्ति पर पड़ी। जब यात्रियों ने उसे वहां से हटने को कहा, तो वह भागने के बजाय सीधे बोगियों के नीचे पटरी के बीचों-बीच जाकर बैठ गया। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीमें मौके पर पहुंचीं। युवक को बाहर निकालने के लिए सुरक्षाकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। उसे बाहर लाने के लिए पहले खाने-पीने की चीजों का लालच दिया गया और बाद में पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया गया। लगभग डेढ़ घंटे के बाद आखिरकार आरपीएफ ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला। ट्रेन के डेढ़ घंटे तक एक ही स्थान पर खड़े रहने के कारण कोच के अंदर मौजूद यात्री, परेशान हो रहे थे। कपलिंग के बीच बैठने और ट्रेन के नीचे जाकर हंगामा का महौल बनाने वाले युवक को आरपीएफ ने हिरासत में लिया गया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। आरपीएफ नियमानुसार कार्रवाई की है।

एक नजर में

नगर निगम में महापौर आज करेंगी जनसुनवाई

नवभारत, कटनी। शहरवासियों की समस्याओं निराकरण के उद्देश्य से महापौर द्वारा आज जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का आयोजन मेयर इन काउंसिल सभागार में किया जाएगा। महापौर जनसुनवाई के दौरान शहर के नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रख सकेंगे। महापौर ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के माध्यम से नगर निगम प्रशासन आम नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम प्रशासन का प्रयास है कि शहरवासियों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। गौरतलब है कि हर मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सड़क, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण सहित नगर निगम से जुड़े मामलों पर आवेदन लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के लिए कहा जाता है।

सुअर मार बम लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

रंगनाथ थाना क्षेत्र में पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में सुअर मार बम लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से पुलिस ने एक सुअर मार बम जब्त किया हैं। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काली क्रीम कलर की टीशर्ट और ब्लैक कलर का लोवर पहने है और नया गांव लखेरा के बगीचा के पास देशी सुअर मार बम लिए अपराध करने की नियत से घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। जहां पर एक युवक

जिलेटिन की पॉलीथिन लिए घूम रहा था। संदेह के आधार पर उसे घेराबंदी कर पकड़कर उसके पास रखी पॉलीथिन की तलाशी ली। पॉलीथिन से एक देशी सुअर मार बम मिला। जिस पर पुलिस ने बम को जब्त कर लिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी लखेरा निवासी प्रकाश उर्फ पिक्कू पांडेय (30) है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई में रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरूणपाल सिंह, एएसआई बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, प्रमोद पाठक, पवन पाठक, महेन्द्र दुबे, रामनरेश शुक्ला, आरक्षक रोशन यादव, बृजेश यादव, महिला आरक्षक रूचिका अग्रहरि ओर एनआरएस योगेश की भूमिका रही।

नाली निर्माण में मनमानी का आरोप, ग्रामीणों ने रूकवा दिया कार्य

हीरापुर कौड़िया के ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत

नवभारत, कटनी। जिले की ग्राम हीरापुर कौड़िया ग्राम पंचायत की वार्ड क्रमांक 7 के ग्रामीणों ने पंचायत की ओर से कराए जा रहे नाली निर्माण का विरोध करते हुए काम रुकवा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रशासन दो दशकों पुरानी जलभराव की समस्या का समाधान करने के बजाय, गलत तकनीकी तरीके से निर्माण कराकर सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहा है। वार्ड क्रमांक 7 के निवासी पिछले 20 वर्षों से जलभराव और गंदे पानी की निकासी नहीं होने की समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी मांग के बाद नाली निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ

था। ग्रामीणों का कहना है कि नाली का निर्माण सड़क के बीचों-बीच किया जा रहा है, जबकि इसे सड़क के दोनों किनारों पर बनाया जाना चाहिए था।

ग्रामीणों में शिवकुमार रजक, अनिल बर्मन, मुकेश रजक और दीपक पटेल सहित अन्य निवासियों ने पंचायत के सरपंच और सचिव पर मनमानी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि बीच सड़क पर नाली बनाने से पानी की निकासी सही तरीके से नहीं होगी और भविष्य में फिर से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, यह न सिर्फ तकनीकी रूप से गलत है, बल्कि आवागमन को बाधित कर जनता की सुविधा के साथ खिलवाड़ भी है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। सोमवार सुबह जब निर्माण कार्य फिर से शुरू हुआ, तो काफी संख्या में ग्रामीण कार्यस्थल पर पहुंचकर नारेबाजी की और काम को रूकवा दिया। ग्रामीणों की मांग है कि नाली का निर्माण व्यवस्थित रूप से सड़क के दोनों किनारों पर ही किया जाए। इस संबंध में जनपद पंचायत कटनी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा है कि ग्रामीणों के विरोध की जानकारी मिली है उन्होने इंजीनियर की एक टीम भेजकर स्थल निरीक्षण कराने की बात कही है। उन्होने कहा कि नाली का निर्माण नियमानुसार और तकनीकी मापदंडों के आधार पर ही कराया जाएगा। निर्माण की गुणवत्ता और डिजाइन की पूरी जांच की जाएगी।

वर्षों से विस्थापन का दंश झेल रहे बरही क्षेत्र के 170 आदिवासी परिवार

परिवार के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। नवभारत, कटनी। विस्थापन का दंश झेल रहे विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 170 आदिवासी परिवारों के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को अपनी व्यथा लेकर भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। उन्होंने अपनी जान और जमीन की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। प्रतिनिध मंडल ने मुख्यमंत्री के सचिव को ज्ञापन सौंपकर समस्या

का निराकरण कराए जाने की मांग की है। आदिवासियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि उनकी परेशानी वर्ष 1967-68 में बाणसागर परियोजना के सर्वे के साथ शुरू हुई थी। परियोजना की जद में आने के कारण इन ग्रामवासियों को उनकी पुश्तैनी जमीन और घरों से बेदखल कर दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि उन्हें बिना उचित मुआवजा, प्लॉट या जमीन नहीं दी गई। तब से लेकर आज तक ये 170 परिवार बाणसागर तालाब के डूब क्षेत्र के किनारों पर अस्थाई झोपड़ियां बनाकर रह रहे हैं। बारिश के मौसम में जब बांध का जलस्तर बढ़ता है, तो इनकी झोपड़ियां जलमग्न हो जाती हैं। ऐसे में इन्हें जान बचाने के लिए जंगलों की ओर पलायन करना पड़ता है।

संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी ने कराया आयोजन

नवभारत, कटनी। ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा नई बस्ती स्थित आई फिट स्पोर्ट्स टर्फ में श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठान का आयोजन कराया गया। धार्मिक कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए। वाणी सेवा का दायित्व श्री बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा किया गया। संगीत की मधुर धुनों के बीच हनुमान चालीसा पाठ से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के समापन के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के साथ हनुमान चालीसा और आरती संग्रह भी भेंट की गई है। सोसायटी की महिला विंग ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में धर्म के साथ सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान की भक्ति से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के लिए फॉर्म भी भरवाए गए, जिसमें काफी संख्या में ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सोसायटी के अध्यक्ष ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इससे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। अंत में भगवान हनुमान की आराधना के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

डोर-टू-डोर जा रही राजस्व टीम, जमा कराया जा रहा बकाया टैक्स

शहर में दो स्थानों में आज लगाए जाएंगे विशेष शिविर

नवभारत, कटनी। नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे 7 दिवसों को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बकाया करों की वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम की टीमों द्वारा विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, साथ ही डोर-टू-डोर संपर्क कर पेनल्टी से बचने के लिए शहरवासियों को 31 मार्च के पहले बकाया कर जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत सोमवार को सुभाष चौक और खेरमाई मंदिर के पास शिविरों का आयोजन किया जाकर शहरवासियों को बकाया कर आसानी से जमा करने की सुविधा दी गई। वहीं गठित दल के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बकायादारों के घर-घर जाकर करदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। उन्हें पीओएस मशीन और शिविरों के माध्यम से सरल और तत्काल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नगर निगम की टीम ने बताया कि समय पर कर जमा कर जमा कर जुर्माने की कार्रवाई से बचा जा सकता है। मंगलवार को शहर के दो प्रमुख स्थलों सुभाष चौक सहित वार्ड क्रमांक 27 से 29 तक के लोगों के लिए हाउसिंग बोर्ड कालोनी हनुमान मंदिर के पास विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां नागरिक अपने बकाया जलकर और संपत्ति कर का भुगतान आसानी से कर सकते हैं। नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से कहा है कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपने बकाया करों का समय पर भुगतान करें।

आज होगा बच्चों का विद्यालय में प्रवेश उत्सव

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार 24 मार्च को आंगनवाड़ी केंद्रो में पंजीकृत बच्चों के विद्यालय में प्रवेश उत्सव विद्यारम्भ का आयोजन किया जा रहा है। विद्यारम्भ कार्यक्रम में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप में स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से किया जाएगा। विद्यारम्भ कार्यक्रम में 5 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था पूरा करने सम्बन्धी प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा।

सूचना के अधिकार के तहत नहीं दी जा रही जानकारी

नवभारत, ढीमरखेड़ा। शासन की योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए बनाए गए सूचना के अधिकार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत घुघरी में ठेंगा दिखाया जा रहा है। ग्राम पंचायत घुघरी के सचिव रामदयाल पटेल पर जानकारी छिपाकर आवेदक को गुमराह करने के आरोप लग रहे हैं। घुघरी निवासी राजेंद्र प्रसाद रजक ने लोक सूचना अधिकारी को आवेदन देकर ग्राम पंचायत घुघरी में 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत हुए निर्माण कार्यों, सामुदायिक भवन निर्माण और सचिव द्वारा लगाए गए बिल-वाउचरों की सत्याप्रति मांगी थी, लेकिन 30 दिन बीत जाने के बाद भी सचिव रामदयाल पटेल द्वारा जानकारी नहीं दी गई है। जानकारी नहीं मिलने से भ्रष्टाचार होने का संदेह गहरा गया है।

सूचना

सर्वसाधारण जान को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रीठी जनपद पंचायत रीठी जिला कटनी की साप्ताहिक बाजार नीलामी कि दिनांक 24/03/2026 को वर्ष 2026 प्रातः 12:00 से ग्राम पंचायत रीठी निर्मल मानस भवन में की जानी है जो भी बोली करता हो वह पधार कर बोली लगा सकता है नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत रीठी अनुसार

सरपंच हनीफ खान | सचिव महेंद्र तिवारी

समीक्षा

समय-सीमा की बैठक में नगर निगम आयुक्त ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा, कम प्रगति पर नोटिस जारी

लीकेज पाइप लाइन और बिगड़े हैडंपपों को सुधारें, जलसंकट से निपटने बनाए प्लानिंग

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने सोमवार को नगर निगम के एमआईसी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न शाखाओं के लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिक योजनाओं और जनहित से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय प्रकरणों की पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, निर्माण कार्यों, अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को लंबित मामलों और आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में 19 मार्च से प्रारंभ प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर में जल संरक्षण और संवर्धन से संबंधित निगम प्रशासन द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन करने के साथ ही संचालित संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की पोर्टल में फीडिंग कर तत्काल निराकरण के निर्देश भी दिए गए। ग्रीष्मकाल के दौरान शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि शहर के लीकेज पाइप लाइन मरम्मत, बिगड़े हैंडपंपों का प्राथमिकता से सुधार कार्य सहित नगर के विभिन्न वार्डो में चल रहे पाईपलाईन के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वार्डो में प्रेशर की समस्या का निराकरण कराने, किराए से टैंकर लिए जाने सहित सभी आवश्यक तैयारियों की प्लानिंग कर प्रगति रिपोर्ट से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को जन सुरक्षा से जुड़े शहर के समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बहुमंजिला भवनों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मानकों का पालन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं हैं या मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। शहर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही बिना अनुमति के प्लॉटिंग और निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। निगमायुक्त ने आवासीय क्षेत्रों में संचालित हो रहे कबाड़ व्यवसाय पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर योजना के प्रभारी यश रजक को नोटिस जारी किया गया है। मौसमी बीमारियों और मच्छरों पर नियंत्रण के लिए वार्डवार कीटनाशक दवाओं के छिड़काव कराने के लिए कहा गया है।